पत्रांक : 5/स1-15/2013....................../उ0शि0

झारखण्ड सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग
(उच्च शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा।

राँची दिनांक :

विषयः- जामिनीकांत बी0 एड0 कॉलेज, सालबनी, लेपदाबार, महुलिया, धाटशिला को बी0 एड0 कोर्स संचालित करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2013-14 से अस्थायी संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, आपके पत्रांक - KU/R/583/13 दिनांक 09.07.2013 एवं NCTE, भुवनेश्वर के पत्रांक- ERC/7-150.6.25/NCTE/B.Ed/2013/16581 दिनांक 02.03.2013 एवं कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के अनुशंसा के आलोक में राज्य सरकार ने जामिनीकांत बी0 एड0 कॉलेज, सालबनी, लेपदाबार, महुलिया, धाटशिला को बी0 एड0 कोर्स संचालित करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2013-14 से अस्थायी संबंधन की वित्त रहित स्वीकृति निम्न शर्तो के साथ प्रदान करने की कृपा की हैः-

(क) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् पूर्व क्षेत्रीय कमिटी, भुवनेश्वर के द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रस्वीकृति रद्द करने अथवा वापस लेने की स्थिति में यह संबंधन स्वतः रद्द समझा जायेगा।

(ख) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् पूर्व क्षेत्रीय कमिटी, भुवनेश्वर के जिस आदेश के द्वारा संबंधित संस्था को प्रस्वीकृति प्रदान की गयी है, उनमें निहित सभी शर्त्तो को महाविद्यालय सतत् पूरा करता रहेगा।

(ग) एन0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित 200 शिक्षण दिवस, जिसमें 40 दिन शिक्षण अभ्यास भी सम्मिलित है, का पालन महाविद्यालय सुनिश्चित करेगा और इसके उपरांत ही विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देगा।

(ध) छात्रों के नामांकन में एन0सी0टी0ई0, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्ड को पूर्णतः पालन किया जाए। विश्वविद्यालय यह भी सुनिश्चित करेगा कि विभागीय संकल्प 1382 दिनांक- 20.05.04 एवं इस संदर्भ में निर्गत अनुवर्ती परिपत्रों द्वारा नामांकन संबंधी निर्धारित प्रक्रिया को महाविद्यालय पूरा करता है तथा नामांकन में आरक्षण नियमों का अक्षरशः पालन करता है।

2. इस पाठ्यक्रम के संचालन हेतु NCTE, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित/लगाये गये शर्तो को संबंधित महाविद्यालय पूरा नहीं करता पाया जाय तो संबंधित विश्वविद्यालय उसकी समीक्षा/जाँच कर स्वतः स्पष्ट तथ्यात्मक प्रतिवेदन क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, पूर्वी क्षेत्रीय समिति, भुवनेश्वर एवं विभाग को अनुशंसा सहित उपलब्ध करायेगा।

विश्वासभाजन

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक:- 5/स1-15/2013 1202 राँची, दिनांक 27/07/13

प्रतिलिपिः- निदेशक,उच्च शिक्षा, झारखण्ड एवं प्राचार्य, जामिनीकांत बी0 एड0 कॉलेज, सालबनी, लेपदाबार, महुलिया, धाटशिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।